व्यवस्था, छात्रावास के लिए आर्थिक सहायता, शैक्षणिक भत्ता, छात्रवृत्तियां, अनुदान सहायता देना आदि।

4. खेलकूद, स्काउट और सांस्कृतिक कार्य-कलापों को बढ़ावा देना।

5. सहकारी समितियां।

6. कार्य स्थलों पर कर्मचारी कैंटीन।

7. अवकाश गृह।

8. कर्मचारी हित निधि के माध्यम से संकट के समय राहत।

9. मनोरंजन सुविधाएं—संस्थानों और कलबों की व्यवस्था।

10. यात्रा सुविधाएं।

रेलवे भूमि का अतिक्रमण

405. **चौधरी हरमोहन सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में रेलवे की भूमि पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा उक्त भूमि का अतिक्रमण हटाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं; और

(घ) अतिक्रमण को रोकने का कार्य किन-किन अधिकारियों को सौंपा गया है और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) जी हां।

(ख) उत्तर प्रदेश में 282.45 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिक्रमण किया गया है। ब्यौरा इस प्रकार है:—

मध्य रेलवे	:	2.40 हेक्टेयर
पूर्व रेलवे	:	0.13 "
उत्तर रेलवे	:	186.50 "
पूर्वोत्तर रेलवे	:	93.24 "
पश्चिम रेलवे	:	0.18 "

(ग) और (घ) अतिक्रमण हटाने के लिए सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। इंजीनियरी विभाग, वाणिज्यिक विभाग और रे०सु०ब० के अधिकारियों को उनके क्षेत्राधिकार में अतिक्रमणों को रोकने का काम सौंपा गया है। स्थानान्तरणों के कारण ये अधिकारी बदलते रहते हैं। जब कभी ऐसा अवसर आता है ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने के लिए मौजूदा नियमों के अंतर्गत उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाती है।

उत्तर रेलवे जोन में रोजगार में कमी होना

406. **चौधरी हरमोहन सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे में रोजगार के अवसर कम हो गए हैं;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने रोजगार सृजित किये जाने का विचार है;

(ग) उत्तर रेलवे में पिछले तीन वर्षों से कितने कर्मचारी कार्यरत हैं और उनमें से कितने कर्मचारी नैमित्तिक हैं; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने कर्मकारों की भर्ती की गई थी और उनमें से कितने मजदूर नैमित्तिक थे?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) से (घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Ratio of Railway Track in Orissa

407. SHRIMATI ILA PANDA:
SHRI NARAIN PRASAD GUPTA:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the Km. ratio of Railway track per 100 Sq. Km. in Orissa;

(b) what is the National average ratio track and by what ratio the railway Kilometerage of Orissa deviate from the National average;

(c) how much more Km. of Railway track is proposed to be laid in Orissa during the 8th Five Year Plan period; and

(d) what amount has been sanctioned for this purpose?